## समाचार

# निगम के सभी 07 जोन में आज आयोजित किए गए गुड गवर्नेस वीक शिविर

## (शिविर में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण, आवेदन किए गए पंजीबद्ध, क्रमबद्ध त्वरित निराकरण होगा सुनिश्चित )




कोरबा 20 दिसम्बर 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 07 जोन कार्यालयों में आज गुड गवर्नेस वीक शिविरों का आयोजन किया गया, अपनी शिकायतें, समस्याएं व आवेदन लेकर शिविर में पहुंचे, नागरिकों के आवेदनों को पंजीबद्ध करते हुए त्वरित निराकृत होने वाली समस्याओं का मौके पर पहुंचकर निराकरण कराया गया, वहीं ऐसी समस्याएं व मांग जिन्हें निराकृत करने में समय लगेगा, उन आवेदनों को पंजीकृत करते हुए इनका क्रमबद्ध समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा जोन, टी.पी.नगर जोन, कोसाबाड़ी जोन, रविशंकर नगर जोन, बालको जोन, दर्री जोन व सर्वमंगला जोन में प्रातः 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक गुड गवर्नेस वीक शिविर आयोजित किए गए, इन शिविरों में जन्म–मृत्यु पंजीयन, व्यापार अनुज्ञप्ति, विवाह प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, जलकर एवं सम्पत्तिकर, स्वच्छता एवं साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण आदि कार्यो के साथ–साथ नल लिकेज, नलों में पानी न आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों से पानी का बहाव, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी–फूटी नालियों का मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट के बल्ब, ट्यूब आदि का बंद रहना आदि से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों व आवेदनों को लेकर पहुंचे

आमनागरिकों के आवेदनों को पंजीकृत किया गया तथा उनकी ऐसी समस्याओं व शिकायतों जिनका त्वरित निराकरण संभव था, उनका मौके पर पहुंचकर निगम अमले ने निराकरण कराया तथा ऐसी मांग व समस्याएं जिनमें प्रक्रियागत समय लगना है, उन आवेदनों को पंजीकृत करते हुए उनके त्वरित निराकरण की क्रमबद्ध कार्यवाही भी निगम द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। आज आयोजित किए गए शिविरों में निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा व बी.पी.त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण किया तथा शिविरों हेतु नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

**रविवार को भी सभी 07 जोन में लगेंगे शिविर**— निगम के उपायुक्त श्री पवन वर्मा ने बताया कि रविवार को भी निगम के सभी 07 जोन में गुड गवर्नेस वीक शिविरों का आयोजन किया जाएगा तथा निगम से संबंधित समस्त कार्यो से जुड़ी समस्याओं, शिकायतों व मांग आदि के आवेदन आमनागरिकों से प्राप्त किए जाएंगे। उन्होने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही प्रातः 10 से दोपहर 03 बजे तक यह शिविर आयोजित होंगे।